**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 01 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमा सुरक्षा बल-बी.एस.एफ के स्थापना दिवस पर बल के जवानों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बी.एस.एफ का देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह बल साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा में बी.एस.एफ की सतर्कता और साहस की सराहना की।

*************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आज सुबह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। उन्होंने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय में तीर्थों के विकास को लेकर एक बैठक भी ली। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल एवं अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव का स्वरूप 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया है और दुनिया के लोग भारत को विशेष दृष्टि से देखने लगे हैं।
केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जब से विदेशों में गीता जयंती के कार्यक्रम शुरू हुए हैं तब से गीता ज्ञान का विदेशों में भी प्रचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग जन जन तक गीता का संदेश पहुँचा रहे हैं उनकी वह सराहना करते हैं।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि 9 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से भारतीय जीवन बीमा निगम

द्वारा प्रायोजित बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कल करनाल में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की अपेक्षाओं को तीव्र गति से पूरा करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार निकाय चुनावों के लिये पूरी तरह से तैयार है। जल्दी ही स्थानीय निकाय के चुनाव कराये जायेंगे। इस समय पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा के विधायक दल का नेता चुने जाने बारे पूछे एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। जो भी विधायक दल का नेता चुना जाएगा उसे निवास उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, बी.जे.पी के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार, विधायक योगेंद्र राणा एवं भगवानदास कबीरपंथी ने भी भाग लिया।

****************************************************************

हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने में पहल करने के लिए विश्व बैंक का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक इसके लिए प्रदेश को लगभग 3 हजार, 650 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विश्व बैंक द्वारा इन परियोजनाओं में 70 प्रतिशत का योगदान दिया जायेगा, जबकि 30 प्रतिशत राज्य सरकार की भागीदारी होगी। इस में विश्व बैंक की लगभग 80 करोड़ रुपये से अधिक की ग्रांट-इन-ऐड भी शामिल होगी।

****************************************************************

हरियाणा के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने काल जिला पलवल के गांव कुशक बडोली में राशन डिपुओं पर छापेमारी की। छापे के दौरान अनाज में रेत की मिलावट पाई गई। श्री नागर ने इस पर विभाग के अधिकारियों से मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। छापेमारी के दौरान उनके साथ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान श्री नागर ने कहा कि सरकार द्वारा जनता के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, भ्रष्ट

लोग  इनमें भी बेईमानी का रास्ता  ढूंढते  हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राशन डिपुओं पर जनता को मिलने वाले निशुल्क राशन में हेर फेर करके जनता के अधिकारों पर डाका डालने वालों के  खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अन्य जगहों पर अवैध रूप से सरकारी अनाज का भंडारण भी पाया गया। जिस पर उन्होंने खाद्‌य निरीक्षक के खिलाफ  भी एफ.आई.आर दर्ज करने के निर्देश दिए।

***************************************************************